



### रायगढ जिले से पांच विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में बनाई जगह, दसवीं में तीन और बारहवीं बोर्ड में दो बच्चे रहे टॉपर

# रायगढ़ के 'पंचरत्नों' का कमाल, सीजी बोर्ड में मचाया धमाल

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की। राज्य में दोनों ही कक्षाओं के परिणाम की प्रावीण्य सूची में रायगढ़ जिले के 5 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कराया। यह जिले के लिए गौरवान्वित करने वाली बात रही कि इन 5 विद्यार्थियों में से 3 बालिकाएं थी, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाले परीक्षार्थियों को विधायक और राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बधाई व शुभकानाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बता दें कि इस साल जिले में दसवीं कक्षा का ऑल ओवर प्रतिशत 78 और बारहवीं का 83 प्रतिशत रहा। पिछले साल के मुकाबले इस साल के रिजल्ट में छह प्रतिशत की बढोतरी भी दर्ज की गई है। खास बात ये भी है कि इस साल स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पढने वाले बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दो टापर स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढने वाले हैं। जबकि अन्य तीन टापर निजी स्कूलों से निकले हैं।

## कोटवार के बेटे ने टॉप कर बढ़ाया मान



97.83 प्रतिशत

शहर से लगे कलमी गांव के कोटवार के बेटे ने 10वीं में प्रदेश में टॉप करके जिले का मान बढ़ाया है। रौनित चौहान ग्राम कलमी में अपनी माता रेनू चौहान और पिता ओम प्रकाश चौहान के साथ रहता है। वहीं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोतरा में पढ़ाई करता है। रौनित के पिता ओम प्रकाश गांव के कोटवार हैं। ओमप्रकाश ने बताया कि रौनित शुरू से ही टैलेंटेड बच्चा होने के साथ-साथ पढ़ाई में आगे रहा है। वह दिन या रात में किसी भी समय पढ़ने लग जाता है। बुधवार को प्रदेश में 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी हुआ है। इसमें रौनित ने टॉप टेन में जगह बनाई है। 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर रौनित ने पूरे प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। भविष्य में रौनित आईएएस अफसर बनना चाहता है। इसी लक्ष्य के साथ वह आगे बढ़ने की सोच रहा है। रौनित के टॉपर बनने से उसके परिवार व रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है टॉपर आयुषी



98.17 प्रतिशत

10वीं की टॉपर आयुषी कुमारी भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। इस सपना को साकार करने के लिए वह जी जान से जुटी हुई है। आयुषी बरभाठा चौक, कैलाश कॉलोनी तमनार में अपने परिवार के साथ रहती है और वुड्स वेली हाई स्कूल कसडोल, तमनार में पढ़ाई करती है। आयुषी की माता रीता कुमारी गृहणी हैं तो उसके पिता धर्मेन्द्र कुमार अडानी कोल माइंस में इंजीनियर हैं। आयुषी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में जिले का मान बढ़ाया है। इस तरह आयुषी ने प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है। आयुषी ने बताया कि वह स्कूल के अलावा घर में ही दिनभर में 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती है। आयुषी का अपने पापा की तरह इंजीनियर बनने का सपना है, लेकिन वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। आयुषी अपने टॉपर बनने का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के प्रिंसिपल और टीचर्स को दे रही है।

## टॉपर बनने की जिद थी और हेमलता बन गई



98.83 प्रतिशत

जिले की बेटी हेमलता पटेल ने भी टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। हेमलता पटेल जूनाडीह में अपने परिवार के साथ रहती है और संत माइकल ईएमएच स्कूल लैलूंगा में पढ़ाई कर रही है। उनकी माता श्रद्धा पटेल गृहणी हैं तो पिता सियाराम पटेल पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) लैलूंगा में आरएचओ हैं। हेमलता ने 10वीं में 98.83 प्रतिशत अंकल हासिल कर टॉप टेन में तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। हेमलता ने बताया कि वह शुरू से ही 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने का लक्ष्य लेकर मेहनत रही थी। इसमें उसके माता-पिता और टीचर्स भी उसका सपोर्ट कर रहे थे। हेमलता दिन में 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी, जिसका परिणाम उसके रिजल्ट में देखने को मिला है। उसकी इस सफलता से उसके स्कूल और परिजन बहुत खुश हैं।

## सीए बनना चाहता है तरंग अग्रवाल



96.20 प्रतिशत

12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाने वाला शहर का तरंग अग्रवाल भविष्य में सीए बनना चाहता है। तरंग कालिंदी कुंज रायगढ़ में अपनी माता रीना अग्रवाल, पिता कमल किशोर अग्रवाल, एक छोटा भाई और चाचा-चाची के साथ रहता है। वहीं शालिनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरदादर में पढ़ाई करता है। तरंग के पिता कांट्रेक्टर तो माता गृहणी हैं। 12वीं बोर्ड में तरंग ने 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन में जगह बनाई है। वहीं पूरे प्रदेश में 8वें स्थान पर रहा है। तरंग ने बताया कि उसका 10वीं में 84 प्रतिशत अंक था। जिसे देखते हुए उसे उनकी टीचर ने मॉटिवेट किया कि 12वीं में थोड़ा और ज्यादा मेहनत करने से वो पूरे प्रदेश में टॉपर बन सकता है। इसलिए उसने इस बार कड़ी मेहनत की और टॉपर बन कर दिखाया। तरंग ने बताया कि वह कॉमर्स लेकर पढ़ाई कर रहा है, इसलिए वह भविष्य में सीए (चार्टड एकाउंटेट) बनना चाहता है। तरंग ने अपने टॉपर होने का श्रेय अपनी फैमिली और टीचर को दिया है।

## 10वीं में 2.53 और 12वीं में 3.51 फीसदी की बढ़ोतरी

इस बार कक्षा 10वीं की परीक्षा परिणाम में 2.53 फीसदी और कक्षा 12वीं की परीक्षा में 3.51 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 78.63 फीसदी और कक्षा 12वीं का परिणाम परिणाम 83.54 फीसदी रहा। वहीं वर्ष 2024 के परीक्षा परिणाम प्रतिशत की बात करें तो कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम प्रतिशत 76.10 फीसदी तथा कक्षा 12वीं का 80.03 प्रतिशत था।

## लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा

इस बार भी दोनों बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं ने बालकों को पछाड़ दिया। कक्षा 10वीं में 3 हजार 886 बालक जबकि 5 हजार 718 बालिकाओं ने परीक्षा में सफल रहीं। 1 हजार 653 बालक के विरूद्ध सर्वाधिक 3 हजार 407 बालिकाओं ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि 1 हजार 925 बालक और 2 हजार 136 बालिकाओं ने दूसरा स्थान और इसके साथ ही 308 बालकों तथा 175 बालिकाओं ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## 2 हजार 65 विद्यार्थी हुए असफल

इस प्रकार जिले में कक्षा 10 में कुल 5 हजार 60 विद्यार्थियों ने पहला स्थान, 4 हजार 61 विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान और 483 विद्यार्थियों नें तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 1 हजार 207 बालक और 68 बालिकाएं यानी कुल 2 हजार 65 विद्यार्थी इस बार बोर्ड परीक्षा में असफल हुए। इसके साथ ही 292 बालक और 252 बालिकाएं यानी कुल 544 इस परीक्षा में पूरक आए।

## कक्षा 12वीं की विभिन्न संकायों का परिणाम

जिले में कक्षा 12वीं में 9 हजार 252 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 9 हजार 187 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि कला, विज्ञान, वाणिज्य सहित अन्य संकायों को मिलाकर मात्र 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके साथ ही 9 हजार 145 परीक्षार्थी के परीक्षा के परिणाम जारी किए गए, जबकि 43 परीक्षार्क्षियों के परीक्षा परिणाम को रोका गया है। जिले से 3 हजार 993 परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान, 3 हजार 387 परीक्षार्थियों ने दूसरा स्थान और मात्र 258 परीक्षार्थियों ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि इस परीक्षा में जिले के 684 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हो गए। वहीं इस परीक्षा में कुल 7 हजार 640 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। संकायवार प्रतिशत की बात करें तो कला संकाय में 77.95 फीसदी, वाणिज्य संकाय में 92.30 फीसदी, विज्ञान संकाय में 85.22 फीसदी, कृषि संकाय में 87.91 फीसदी तथ गृह विज्ञान संकाय में 68.75 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

## संकायवार परीक्षा परिणाम

| | कला संकाय | वाणिज्य संकाय | विज्ञान संकाय | कृषि संकाय |
|---|---|---|---|---|
| पंजीकृत | 3821 | 1643 | 3528 | 244 |
| शामिल | 3777 | 1631 | 3521 | 242 |
| प्रथम | 1090 | 906 | 1875 | 118 |
| द्वितीय | 1629 | 560 | 1106 | 87 |
| तृतीय | 205 | 34 | 13 | 08 |

## प्लंबर की बेटी कृतिका ने प्रदेश में बढ़ाया मान



96.60 प्रतिशत

बुधवार को 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया। टॉप टेन में स्वामी आत्मानंद स्कूल कोड़ातराई में पढ़ने वाली कृतिका यादव का नाम भी रहा। कृतिका ने जिले में टॉप और छत्तीसगढ़ में छठे नंबर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। कृतिका बहुत गरीब परिवार से है। कृतिका के पापा सियाराम यादव प्लंबर हैं, जो दूसरों के घर में नल ठीक करने का काम करते हैं। जबकि कृतिका की मां भानुकला यादव गृहिणी हैं। कृतिका का बड़ा भाई मनीष यादव कॉलेज में पढ़ाई करता है। सियाराम ने कहा कि उनकी बेटी शुरू से प्रतिभावान है। वह शुरुआत से गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती है, उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। इसी तरह उसकी मां भानुकला का कहना है कि उन्हें बेटी के टॉप टेन में आने से बहुत खुशी हुई है।

## प्रवीण व शुभम ने टॉप टेन में बनाई जगह



**चंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वींएवं 12वीं की रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। इस बार भी सरस्वती अंग्रेजी माध्यम में टॉप टेन में चतुर्थ स्थान में प्रवीण प्रजापति 98.67 प्रतिशत तथा 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान शुभम देवांगन प्राप्त किया। साथ ही गणित में दोनों 100 में 100 अंक अर्जित कर स्कूल एवं नगर को गौरवांवित किया। कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं के सारे विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत उत्तीर्ण रहा। विद्यालय समिति के सदस्य और स्कूल के शिक्षको ने परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## यशिका ने 91 फीसदी अंक के साथ किया स्कूल में टॉप



पैलेस रोड स्थित शासकीय कन्या पुत्री शाला की छात्रा यशिका कहरा पिता दूजेराम कहरा माता शांति कहरा ने कक्षा 12वीं में 91 फीसदी अंक हासिल करते हुए अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। यशिका फटहामुडा की रहने वाली है, उसके पिता दूजेराम कहरा पेश ने दर्जी हैं और माता शांति देवी गृहिणी हैं। यशिका ने कला संकाय की हिन्दी, राजनीति, भूगोल, गृह विज्ञान और सूचना एवं प्रौद्योगिकी आदि विषयों में 500 पूर्णांक के विरूद्ध 459 अंक हासिल किए। उसका सपना पढ़कर लिख कर अपने पैरों पर खड़े होना है। वह फटहामुड़ा में ही शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनागर मे पदस्थ शिक्षक अंजय कुमार के सानिध्य में अपनी पढ़ाई कर रही थी। यशिका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता सहित गुरूजनों को दिया है।

# निगम के नोटिस की अवमानना करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मंगलवार को शहर के इतवारी बाजार स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के भवन के मालिक राजेंद्र सिंह आजमानी ने 2018 के बाद से संपत्ति कर का भुगतान निगम में नहीं किया है जिसकी बकाया राशि 2 लाख 18 हजार 541 रुपए है। बैंक प्रबंधन के द्वारा भवन मालिक को प्रतिमाह भवन किराया का भुगतान कर दिए जाने के बाद भी उक्त भवन का टैक्स निगम में जमा नहीं किया जा रहा था। मंगलवार को निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशानुसार निगम की राजस्व टीम ने इतवारी बाजार स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक पर कार्यवाही करने पहुंची। जहां बैंक के प्रबंधक के द्वारा भवन मालिक को बुलाया गया। उसके बाद भवन के मालिक के द्वारा 50 हजार की राशि वसूला गया और बाकी राशि को जमा करने हेतु राजस्व टीम से समय मांगा गया। पूर्व में निगम के द्वारा ग्रामीण बैंक भवन के मालिक को कई बार नोटिस भेजा गया जिसपर मलिक द्वारा किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई जा रही थी जिसके कारण निगम कमिश्नर ने सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम के राजस्व वसूली की टीम में राजस्व निरीक्षक देवेश चंदेल, रोहित मिर्रे सहायक राजस्व निरीक्षक पीर मोहम्मद, नागेंद्र सिंह ठाकुर, अमित केशवानी, आशीर्वाद सिंह उपस्थित रहे।

### कोतरारोड पुलिस को मिली सफलता, 6 लाख की संपत्ति जब्त

# गोरखा से हाइवा चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में गोरखा गैरेज से चोरी हुई हाइवा वाहन के मामले में कोतरारोड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रायगढ़ और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 लाख की संपत्ति बरामद की गई है और उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को ट्रांसपोर्टनगर पतरापाली निवासी राजेन्द्र दुबे ने कोतरारोड़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी हाइवा 10 चक्का पटेल इंजीनियरिंग/राज गैराज गोरखा में मरम्मत के लिए खड़ी थी। उसे 11 अप्रैल की भोर में अज्ञात चोर चुरा ले गए। वाहन चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिरों से मिली सूचना पर दिनदयाल कॉलोनी ढिमरापुर निवासी मोह. सुफियान अहमद की संलिप्तता सामने आई। कोतरारोड़ पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने उससे पूछताछ की तो उसने अपने साथियों मो. हसनैन और संदीप कुमार के साथ मिलकर चोरी करना और अपने एक अन्य साथी मोह. शाहीद झारखंड के माध्यम से झारखंड में बेचना कबूल किया। पूछताछ में पता चला कि इन लोगों ने वाहन को झारखंड ले जाकर 2 लाख रुपए में जावेद अंसारी निवासी रांची को बेचा था, जिसमें इन्हें 1.60 लाख रुपए मिले। इसके बाद गठित विशेष टीम ने अन्य आरोपी संदीप कुमार को रायगढ़ से, जबकि मो. हसनैन और मोह. शाहीद को झारखंड के लातेहार से दबोचा। आरोपी जावेद अंसारी और उसके सहयोगी मोह. मुमताज आलम ने हाइवा को अपने यार्ड में कटिंग के लिए रखा था, जहां से चोरी की गई गाड़ी बरामद कर ली गई। दोनों आरोपी जावेद अंसारी और मोह. मुमताज आलम फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। आरोपी मो. हसनैन का थाना कोतवाली रायगढ़ में चोरी का अपराध है।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

**खबर संक्षेप**

### हमर सुघ्घर ग्राम स्पर्धा प्रशिक्षण का समापन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में हमर सुघ्घर ग्राम प्रतियोगिता एवं मॉडल ग्राम के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य सलाहकार पुरूषोत्तम पण्डा के द्वारा हमर सुघ्घर ग्राम प्रतियोगिता, मॉडल ग्राम एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के विभिन्न घटकों जैसे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जिले के 90 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण में आए सरपंच एवं सचिवों को प्रतियोगिता के बारे में बिंदुवार जानकारी दी गई। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल होने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया।

### स्वच्छता अभियान और फुटबाल स्पर्धा का किया गया आयोजन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में समाधान शिविर स्थल पर योग, स्वच्छता अभियान एवं खेलों का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोरिया में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर प्रातः 6.30 बजे से योग, स्वच्छता अभियान पश्चात फूटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 5 टीमें शामिल हुई। विजेता कोरवाबहरी एवं उप विजेता कुरकुंगा को शील्ड, कप एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों में जबरजस्त उत्साह देखा गया एवं खेल प्रेमियों नें खूब आनंद लिया।

### विधायक ने हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण

**जशपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जशपुर विकास खंड के क्लस्टर आरा में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। विधायक श्रीमती भगत ने हितग्राहियों को मनरेगा जाब कार्ड, राशन कार्ड, आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी, मछली जाल , किसानों को केसीसी कार्ड, बीज वितरण,पौधा वितरण, दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल वितरण किया।

### दुष्कर्म का आरोपी रात में ही गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अश्मित लकड़ा 22 वर्ष निवासी कांसाबेल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्यायदंड संहिता की धारा 64(1) एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 5 मई की रात को थाना कांसाबेल की गश्त टीम इलाके में नियमित रात्रि गश्त पर थी। लगभग 2:30 बजे टीम को एक नाबालिग लड़की घबराई और असहाय अवस्था में मिली। मौके पर मौजूद महिला पुलिस अधिकारी ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह एक विवाह समारोह में गई थी और लौटते वक्त आरोपी अश्मित लकड़ा ने उसे स्कूटी से घर छोड़ने की बात कहकर रास्ते में सुनसान जगह पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी उसे धमकी देकर फरार हो गया।

### चयनित विद्यार्थियों का काउंसिलिंग 10 से

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा 02 मार्च 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची राज्य कार्यालय द्वारा 30 अप्रैल 2025 को जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थियों हेतु काउंसिलिंग 10 से 14 मई 2025 तक प्रयास आवासीय विद्यालय, डोड़काचौरा जशपुर नगर में समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक निर्धारित है।

# जशपुर जिले के 14 विद्यार्थियों को मेरिट में मिली जगह, संकल्प ने दिखाया कमाल

जिले के 14 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा और कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में एक विद्यार्थी ने प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने और सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी विद्यार्थियों और उनके पालकों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश में 10 वीं प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिलों में लगातार तीसरे वर्ष जशपुर जिला अव्वल रहा है । राज्य की प्रावीण्य सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों मे 11 संकल्प जशपुर, 1 संकल्प पत्थलगांव,01 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर, 01 प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से हैं।



कक्षा दसवीं का प्रदेश टॉपर नमन खुटियां

- जिले से 14 दसवीं से और एक बारहवीं से टॉप टेन में
- लगातार तीसरे वर्ष कक्षा 10वीं में प्रदेश टॉपर जशपुर से

कक्षा 10 वीं में 99.17 प्रतिशत के साथ संकल्प जशपुर के नमन खुंटिया ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही इस वर्ष कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में इन विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। संकल्प जशपुर से 99.17 प्रतिशत के साथ नमन खुंटिया ने प्रथम स्थान, टीपेश प्रसाद यादव 98.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, युवराज पैंकरा 98.50 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान, 98.17 प्रतिशत के साथ पुर्णिमा पैंकरा सातवां स्थान, 98 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से अंकित कुमार यादव, हर्षिता सिंह, जितेंद्र बंजारे, पूजा चौहान ने आठवां स्थान, 97.83 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से करिना टोप्पो, रितु कुर्रे ने सातवां स्थान, 97.67 प्रतिशत के साथ माही डनसेना ने दसवां स्थान , संकल्प पत्थलगांव से संजना पैकरा ने 98% के साथ आठवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 98.17 प्रतिशत के साथ सेजेज अंग्रेजी माध्यम जशपुर से अनुष्का सिंह ने सातवां स्थान, प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से स्तुति पांडेय ने 98 प्रतिशत के साथ आठवां संजना पर स्थान प्राप्त किया हैं। कक्षा 12 वीं में डीपीएस जशपुर से 98.70 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। पहाडी कोरवा समुदाय से आने वाले संकल्प जशपुर के छात्र अंबीराज पहाड़िया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर, संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, शिक्षक ज्योति श्रीवास्तव, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह, प्रभात मिश्रा, दीपक ग्वाला, राजेन्द्र प्रेमी, शांति कुजूर, मुकेश वर्मा, शिव सुन्दर यादव, नितेश गुंजन पैंकरा स्टाफ टी.सी.कश्यप, दिलीप राम, दीपक महतो, प्रदीप नायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की है।





प्रावीण सूची में स्थान पाए विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ मिठाई खिलाते कलेक्टर।



क्रिकेट के लिए चयनित छात्राओं से परिचय प्राप्त करते कलेक्टर व एसएसपी।

## छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम में सलेक्ट होकर बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान

**जशपुरनगर।** यहां की प्रतिभाशाली बेटियां क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने के लिए तैयार हैं। वे अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम के लिए शासकीय प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास इचकेला में रह कर पढ़ाई कर रही छात्राओं में से अंडर 19 के लिए 6 छात्राएं और अंडर 15 के लिए 9 छात्राओं का चयन हुआ है। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वंय इचकेला खेल मैदान जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें मिठाई खिलाकर हौसला अफजाई करते हुए आगे की स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं भी दी।

- अंडर 19 के लिए 6 और अंडर 15 के लिए 9 छात्राओं का हुआ चयन

कलेक्टर ने कहा छात्राओं का स्टेट क्रिकेट टीम में चयन ने जिले का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा क्रिकेट में खेल प्रतिभाओं को सुविधाओं के साथ ज्यादा अवसर मिले इसके लिए जिले में वूमेन क्रिकेट अकादमी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए खेल मैदान का चयन भी कर लिया गया है। इसका काम भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने इचकेला में बनने वाले वूमेन क्रिकेट अकादमी के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधिक्षक शशिमोहन सिंह, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी मौजूद थे। शास. प्री. मैट्रिक कन्या छात्रावास इचकेला की हॉस्टल वार्डन श्रीमती पंडरी बाई का इन क्रिकेट प्रतिभाओं को संवारने में प्रमुख योगदान रहा है। उन्होंने बताया प्रशासन से खेल के लिए पूरा सहयोग मिलता रहा है। खिलाड़ियों के मेंटोर शंकर सोनी और कोच संतोष कुमार ने खिलाड़ियों को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम के लिए चयनित छात्राएं अंडर 19 के लिए*- कु. आकांक्षा रानी, वर्षा बाई, नितिका बाई, झूमूर तिर्की, तुलसीका भगत, और अलका रानी कुजूर। इसी तरह *अंडर 15 के लिए चयनित छात्राएं*-इंजील लकड़ा, जिज्ञासा कुजूर, अमीषा लकड़ा, रितु भगत, पूर्वांशी साहू, साक्षी यादव, गायत्री बाई, अभिलाषी बड़ा और संतोषी बाई का चयन हुआ है।

## साढे तीन करोड़ से संवरेगा मिट्ठुमुडा तालाब, चौधरी ने किया भूमिपूजन

**रायगढ़।** लोकतंत्र में कोई भी अच्छा कार्य होता है तो उसका श्रेय जनता को जाता है और आज मैं जो भी कार्य पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कर रहा हूं उसका कारण भी आप है। उक्त बातें वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कल शाम मिट्ठुमुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने 3 करोड़ 69 लाख की लागत से मिट्ठुमुड़ा में तालाब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे।

- प्रज्ञा बौद्ध विहार सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से हम लोगों के जीवन में बदलाव के लिए लगातार कार्य कर रहे है। यह हमारे निरंतर सोच और प्रयास का परिणाम है कि लगातार विकास कार्य हो रहे है। प्रदेश में पीएम आवास कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे है। महतारी वंदन के तहत प्रदेश के 70 लाख दीदी बहनों के खाते में एक हजार रुपए की राशि नियमित रूप से अंतरित की जा रही है। आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में सड़कों का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। वहीं अलग अलग क्षेत्र में व्यापार विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए रायगढ़ में 13 करोड़ रुपए की लागत से कमला नेहरू पार्क की तर्ज पर किसान राईस मिल को ऑक्सीजोन एवं गार्डन के रूप में विकसित किया जाएगा।



### मिट्ठुमुड़ा में बनेगा सामुदायिक भवन

कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जन सामान्य के सुविधाओं एवं लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मिट्ठुमुड़ा में 70 लाख की लागत की सामुदायिक भवन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से लोगों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के लिए आसानी से भवन उपलब्ध हो पाएगी। इस दौरान उन्होंने लोगों के विभिन्न मांगो और अन्य कार्यों को भी आगामी दिनों में शामिल करने की बात की।

### प्रज्ञा बौद्ध विहार का किया लोकार्पण

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने वार्ड क्रमांक 29 के गोगा चौक में लोक निर्माण विभाग द्वारा 15 लाख रुपए की लागत से बने प्रज्ञा बौद्ध विहार सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

### यात्री प्रतीक्षालय का किया अवलोकन

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शहर के मिनीमाता चौक में बने यात्री प्रतीक्षालय का अवलोकन किया। आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के पांच स्थानों में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है। इससे लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

## वित्त मंत्री ने दो दमकल वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर से दो नए दमकल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जन सेवा में समर्पित किया । शासन द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों को आवश्यकतानुसार 18 गाडियों का आबंटन किया गया है। जिसमें कुल 1.50 करोड़ के 2 अग्निशमन वाहन रायगढ़ जिले को प्राप्त हुआ है।

- शहर में बढ़ी अग्निशमन सुविधाएं, अब तीन फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। संसाधनों के आधुनिकीकरण, अग्निशमन सेवाओं को तकनीकी रूप से उन्नत करने और जवानों के प्रशिक्षण व मनोबल को प्राथमिकता देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी का प्रत्यक्ष परिणाम है कि शासन की ओर दो फायर बिग्रेड वाहन आज रायगढ़ को मिले है। गृह विभाग द्वारा पूरे प्रदेश के अलग अलग नगरीय क्षेत्रों में तमाम सुविधाएं मुहैय्या करायी जा रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि ये अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन प्रदेश की त्वरित आपातकालीन सेवाओं की क्षमता को नई गति देंगे। जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि इन नए वाहनों से आगजनी की घटनाओं पर पहले से कहीं अधिक प्रभावी तरीके से और तेजी से काबू पाया जा सकेगा, जिससे जान माल की रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जीवन की रक्षा सबसे बड़ा कार्य है और इसे पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाने वाले अग्निशमन कर्मी हमारे सच्चे नायक हैं, जिनकी सेवाओं को समाज हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखता है।



### पहले छह हजार लीटर का था दमकल

रायगढ़ में पहले सिर्फ एक 6 हजार लीटर का दमकल वाहन उपलब्ध था। जिसकी क्षमता एक समय 5500 लीटर पानी और 500 लीटर फोम की थी। जिला सेनानी बी कुजूर ने बताया कि जो दो नए दमकल वाहन आए हैं जिसमें एक 12 हजार लीटर का फायर वाटर बाउजर वाहन है इसकी कीमत 82.89 लाख है। वहीं एक 6 हजार लीटर का फायर वॉटर टेंडर है जिसकी कीमत 67 लाख 50 हजार है। इन दोनों वाहनों के मिलने से अग्निशमन की सुविधाएं तीन गुनी बढ़ गई है। इसमें बीए सेट, जनरेटर डीजी एल्युमिनियम लेडर, फायर मेन सूट उपलब्ध है।

## निशानयात्रा और अखंड ज्योति पाठ आज

**खरसिया।** नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 08 मई 2025 को आयोजित हैं। 09 मई को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर,चूरमा, चांवल सब्जी, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा।

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा वैशाख शुक्ल एकादशी 08 मई को प्रातः 06 बजे रानी सती फैंसी स्टोर्स के निवास स्थान पंजाब नेशनल बैंक के पीछे खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7.30 बजे मंदिर पहुचने के पश्चात आरती की जाएगी। श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जावेगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जावेगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं। दोप 1 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दूसरे दिन प्रातः 7.30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे चांवल सब्जी एवं रात्रि 7.30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा।



**मुख्यमंत्री किसी भी गांव में करेंगे आकस्मिक निरीक्षण**

## सुशासन तिहार के आवेदनों की कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर सुशासन तिहार के प्राप्त और निराकृत आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समाधान कारक निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसी भी शिविर और गांव में आकस्मिक निरीक्षण करने हेलिकॉप्टर से अचानक पहुंचेंगे। इस दौरान वे हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, राजस्व विभाग के प्रकरण फवती, नामांतरण, सीमांकन, डाइवर्जन, आय जाति निवास के निराकरण प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेंगे और अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को अपने विभाग के सभी पैरामीटर का परीक्षण करने के लिए कहा और जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, वन मंडलाधिकारी शशि कुमार और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

- नागरिकों के राशनकार्ड, पानी बिजली, आय जाति, निवास के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश



साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते कलेक्टर।

## यह सिंदूर शौर्य का है, लहू से नहीं पराक्रम से सना है: विजय आदित्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पाकिस्तान की सरज़मीं पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। इस ऑपरेशन में भारत ने एक बार फिर अपने सैन्य कौशल और रणनीतिक पराक्रम से दुनिया को चौंका दिया है। आतंकी सरगना मसूद अजहर और उसके परिवार को समाप्त कर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब हमला करने वालों को सीमा के भीतर नहीं, बल्कि उनके घर में घुसकर जवाब मिलेगा। जशपुर राजपरिवार के युवा सदस्य और बजरंग दल के जिलाध्यक्ष कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की पुकार है। यह सिंदूर शौर्य का है, लहू से नहीं, पराक्रम से सना है। उन्होंने कहा कि भारत ने वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना वर्षों से हर भारतवासी अपने मन में कर रहा था। अब भारत आरती से नहीं, शस्त्र से आरंभ होता है कुमार विजय ने कहा कि मसूद अजहर का पूरा परिवार भस्म हो गया यह केवल बदला नहीं, बल्कि सनातन की अंतिम चेतावनी है। यह सिंदूर भारत माता की मांग का है, जिसे हमारे वीर सैनिकों ने अपने पराक्रम से भरा है। अब यह देश गिड़गिड़ाता नहीं, गरजता है। शांति की प्रतीक्षा नहीं करता, शौर्य की उद्घोषणा करता है।

- ऑपरेशन सिंदूर भारत का पराक्रमी प्रतिशोध, मसूद अजहर का कुनबा भस्म




### भारत की रणनीति बदल चुकी

कुमार विजय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की आतंकी सोच को झकझोर कर रख दिया है। अब भारत सहनशीलता की नहीं, निर्णायक प्रहार की नीति पर है। यह नया भारत है, जो सीमाओं में बंधा नहीं है, बल्कि जो अपनी सुरक्षा के लिए हर हद पार करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जो भारत को आंख दिखाएगा, उसका नाम भी इतिहास से मिटा दिया जाएगा।

लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

लॉस एंजिल्स। दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।


***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।


***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'



### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

**टीवी मसाला**



## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल


वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्रोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### फोर लेन के साथ पुसौर में बनेगा बाईपास रोड

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के तहसील कार्यालय से लेकर बाजार से आगे तीनतराई तालाब तक फोर लेन सड़क बनाए जाने का आदेश आने की जानकारी प्रकाश में आया है जिसके लिए बीते मंगलवार को सर्वे भी की जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक इस सर्वे में आरआई पेंकरा और पुसौर पटवारी रामनिवास पटेल तथा पीडब्लूडी के स्टाफ मौजुद रहे जो तहसील से लेकर तालाब तक रोड के बीच से दोनों ओर नाप किया है। इस संबंध में आरआई पेकरा ने बताया कि यह लगभग 3 किमी तक की दूरी हो सकती है, जहां फोर लेन सड़क बनाए जाने को लेकर नाप जोख किए जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। बता दें कि जिला कलेक्टर कटारिया साहब के कार्यकाल में भी सड़क की भूमि सुरक्षित कर चौड़ी रोड बनाने की सुगबुगाहट थी जिसमें कमोबेश काम भी हुआ था। चूंकि रायगढ जिला मुख्यालय के साथ ही क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी है ऐसे में ये तय माना जा रहा है कि रूके हुए विकास कार्य आगे जरूर बढेंगे।

### विभागों के स्टालों को स्पष्ट दिखाने की जरूरत

**पुसौर।** शासन द्वारा आयोजित शिविरों में लगाए गए विभागों के स्टाल अस्पष्ट रहते है। अधिकारी कर्मचारी बैठे रहते हैं अलग और उनका फ्लेक्सी अलग जगह में लगा हुआ मिलता है, कहीं कहीं तो केवल फ्लेक्सी ही मिलता है वहां कर्मचारी नहीं मिलते ऐसे स्थिति में विभागों का स्टाल अस्पष्ट रहता है जिससे लोगों को अपनी बात रख कर आवेदन करना मुनासिब नहीं होने की जानकारी प्रकाश में आया है। शासन द्वारा आयोजित शिविर से शासन अपने सभी कार्यकारी विभागीय अंगों को लोगों के बीच लाती है ताकि लोग जाने और अपने जरूरत के अनुसार उनसे काम लें। इसमें शासन प्रशासन के लोग भी अपने कार्यक्षमता का आंकलन कर सकते हैं ऐसे स्थिति में प्रत्येक शिविर में लगे स्टाल स्पष्ट रहने की जरूरत महसूस की जा रही है।

### सोनिया बनी स्वर्णकार वेलफेयर की अध्यक्ष

**सरिया।** स्वर्णकार समाज के प्रति सेवा भावना को देखते हुए स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संस्थापक कुलदीप सोनी एवं संजय सोनी कुकरेजा के द्वारा सरिया तहसील के अध्यक्ष पद पर श्रीमती सोनिया स्वर्णकार को नियुक्त किया गया। संस्थापक द्वय द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में लिखा गया कि सोनिया स्वर्णकार, स्वर्णकार समाज और देश हित में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपनी दायित्वों का भली भांति निर्वहन करते हुए स्वर्णकार समाज व राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करेंगे। संस्थापक सदस्यों ने कहा कि 15 दिनों के भीतर अपना कार्यकारी गठन कर केंद्रीय कार्यालय को अवगत कराए। विदित हो कि स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का राष्ट्रीय कार्यालय करोल बाग नई दिल्ली है।

### समर कैंप में दिखी राष्ट्रीय भावना

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में जिला कार्यालय के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्राचार्य प्रधानपाठक के मार्गदर्शन में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज समर कैंप के दौरान आपरेशन सिंदूर को लेकर छात्राओं के मन में राष्ट्रीय भावना जागृत हुई जिसकी झलक देखने को मिली। उन्होंने अपने हाथों से विविध रंगों से किसी ने तिरंगे को उकेरा तो की किसी ने मिशन सिंदूर के प्रति राष्ट्रीय भावना को व्यक्त की।इस प्रकार आज समर कैंप के दौरान छात्राओं के मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय भावना की बयार देखने को मिली। शिक्षक विजय पंडा ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि बताया। साथ ही ग्रीष्मकालीन पश्चात वर्षा ऋतु में अपने आसपास सुरक्षित परिक्षेत्रों पर वृक्षारोपण करने का उपाय बताते हुए अनुरोध किया जिसमें उक्त अभियान में पालकों को जोड़ने का निश्चय किया एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण करने की बात कही जिसका सद्परिणाम देखने को मिल सकता है।

# उपहार में मिली धनराशि से गांव की बेटियों ने शनि मंदिर बनवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

धर्म के प्रति आस्था रखने वाली गांव की बेटियों ने एक अनोखा मिसाल पेश किया। उन्हें उपहार में मिले धनराशि को एकत्रित किया और गांव में शनि मंदिर का निर्माण किया।

सरिया से लगे ग्राम महाराजपुर की बेटियों ने धर्म के प्रति आस्था रखते हुए उन्होंने गांव में शनि महाराज की पूजा पाठ एक पीपल पेड़ में करते हुए अपने आस्था व्यक्त किया। इस दौरान गांव की बेटियों ने एक संकल्प लिया कि क्यों ना हम गांव में एक शनि मंदिर बनाया जाए। इसका प्रस्ताव गांव की आरती नामक बेटी ने रखी। गांव की युवतियों ने आरती के बात का समर्थन करते हुए एक.एक पैसा जोड़ने की योजना बनाई और इसकी शुरुआत गांव में ही किया। शुरुआत भी ऐसा हुआ कि आप जानकर इन बेटियों के कार्यों को सलाम करेंगे। कहानी यह है कि गांव में एक परंपरा के अनुसार जब किसी के यहां बारात आती है और दुल्हन की विदाई के दौरान वर पक्ष द्वारा दुल्हन की सहेलियों को उपहार स्वरूप धन राशि देकर



उन्हें उनकी सहेलियों से विदा लेते हैं। इसी एवज में दी जाने वाली धनराशि को युवतियों ने एकत्रित किया और उसे ब्याज में लगाकर उसे बढ़ाया। जब धन राशि बढने लगी तब बेटियों का संकल्प आकार लेने लगा। सन 2021 में शनि मंदिर निर्माण का आधारशिला रखा गया और धीरे धीरे ग्राम वासी के सहयोग से शनि मंदिर निर्माण पूर्ण हुआ। मंदिर निर्माण में गांव के राजमिस्त्री ने मंदिर निर्माण निशुल्क में किया जिसके कारण आज उनका ग्रामवासियों द्वारा सम्मान किया गया। गांव की यूतियों ने बताया कि जब हम लोग अच्छे अच्छे घर में रहते हैं और भगवान खुले आसमान के नीचे पेड़ के नीचे रहते हैं यह हमें अच्छा नहीं लगा और इसके बाद हम लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए संकल्प लिया। प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी 4 मई से प्रारंभिक की गई और आज 7 मई को शनि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस कार्यक्रम में मंदिर में शनि देव की मूर्ति स्थापना की गई।जो वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न की गई। बेटियों की उक्त कार्य की सराहना सरिया अंचल में की जा रही है। गांव की युवा वर्ग ने गांव की बेटियों को भी श्रीफल भेंट का सम्मान किया गया। आज बुधवार को शनि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहन व श्रद्धालु गण साक्षी बने और आयोजन स्थल में महा भंडारा का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम वासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

### दामाद बना राजमिस्त्री

गांव में शनि मंदिर निर्माण में गांव के दामाद लोहार जी अपनी निशुल्क सेवा देते हुए शनि मंदिर निर्माण 2021 में प्रारंभ किया और 2025 में मंदिर निर्माण पूर्ण हुआ इस दौरान राजमिस्त्री गांव के दामाद ने गांव के बेटियों के हित में कार्य करते हुए धार्मिक काम में सहयोग किया जिसकी सरवत सराहना की जा रही है आज मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर राजमिस्त्री का सम्मान पूरे ग्राम वासियों ने किया साथ ही साथ गांव की युवतियों ने उन्हें भेंट में वस्त्र रुपया पैसा एवं उपहार स्वरूप अन्य सामग्री दिए। तत्पश्चात मंदिर में मूर्ति की स्थापना की गई।

### मंदिर के सामने घाट का निर्माण

गांव के चंदन तालाब के पास सबसे पहले पीपल पेड़ के नीचे गांव में शनि देव भगवान की पूजा अर्चना की जाती थी। गांव की युवतियों ने संकल्प लिया कि जब भगवान खुले आसमान की नीचे हैं और हम लोग अच्छे मकान में हैं तो क्यों ना हम भगवान शनि देव के लिए भी एक मंदिर का निर्माण करें और चंदन तालाब पीपल पेड़ के पास भव्य शनि देव मंदिर का निर्माण किया गया। इसी मंदिर के सामने चंदन तालाब में गांव के शिक्षक अजाम्बर विश्वाल की स्मृति में उनके पुत्र विमलेश विश्वाल के द्वारा सुविधा युक्त पचरी घाट का निर्माण किया गया है। जो श्रद्धालुओं के लिए एक सुविधा के रूप में जाना जा रहा है।

## आरोपियों को देहरादून से दबोच कर लाया गया रायगढ़

# प्लांटकर्मी से 91 लाख की ठगी, इंटर स्टेट साइबर फ्रॉड गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लांटकर्मी से 91 लाख की ठगी करने वाले इंटर स्टेट साइबर फ्रॉड गैंग के तीन आरोपियों को पुलिस ने देहरादून से दबोच कर रायगढ़ लाया है। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस ने भी रायगढ़ पुलिस का सहयोग किया है।

जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2024 को बोतल्दा निवासी प्लांटकर्मी राजेश गबेल को एक वॉट्सअप लिंक के जरिए एक ग्रुप में जोड़ा गया। जहां शेयर ट्रेडिंग में 5 से 7 प्रतिशत तक लाभ दिलाने का प्रलोभन दिया गया। आरोपियों ने पीड़ित से समारा प्रो एप डाउनलोड कराकर उसमें निवेश शुरू कराया और कुल 91 लाख रुपए निवेश करा लिए। बाद में जब निवेशित शेयरों को बेचना संभव नहीं हुआ, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उसने खरसिया पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

इसके बाद साइबर सेल व खरसिया पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। जांच में यह सामने आया कि पीड़ित की रकम देहरादून स्थित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने देहरादून पहुंचकर खाता धारक शेखर थपलियाल का पता लगाया और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके ज्वाइंट एकाउंट होल्डर कुलदीप सिंह रावत और मुख्य सरगना आशीष अग्रवाल का नाम बताया। पुलिस ने दोनों को भी स्थानीय पुलिस की मदद से धर दबोचा।





पुलिस कंट्रोलरूम में प्रेसवार्ता लेते एसपी दिव्यांग पटेल।

#### ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

1. शेखर थपलियाल पिता प्रेमचंद थपलियाल (34) निवासी डॉडी मोथस्से वाला रोड वार्ड क्रमांक 85 देहरादून थाना नेहरू कालोनी जिला देहरादून उत्तराखण्ड।
2. कुलदीप सिंह रावत पिता स्व. जैकृत सिंह रावत (39) निवासी डॉडी मोथखे वाला रोड वार्ड क्रमांक 85 देहरादून थाना नेहरू कालोनी जिला देहरादून उत्तराखण्ड।
3. आशीष अग्रवाल पिता कपिल अग्रवाल (34) निवासी डुई वाला देहरादून रोड थाना डुईवाला कोतवाली जिला देहरादून उत्तराखण्ड।

#### इस तरह लोगों को बनाते थे शिकार

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आशीष अग्रवाल विभिन्न लोगों से बैंक अकाउंट और लिंक्ड मोबाइल नंबर कमीशन लेकर प्राप्त करता था और फर्जी ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर निवेश कराकर ठगी करता था। इस गिरोह द्वारा उपयोग किए गए मोबाइल नंबरों के खिलाफ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में कुल 55 ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं। जिनमें करीब 6 करोड़ रुपए के लेनदेन का रिकॉर्ड सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ खरसिया के अलावा 3 और अपराध आजमगढ़ और बलिया उत्तर प्रदेश में भी दर्ज हैं।

#### आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

गिरफ्तार तीनों आरोपियों को देहरादून से ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लाया गया है। उनके पास से ती मोबाइल फोन, आईडीएफसी बैंक का संयुक्त खाता चेकबुक और सील जब्त की गई है। न्यायालय में प्रस्तुत कर सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में विवेचना जारी है।



# केलो को प्रदूषण से बचाने कलेक्टर से मिले प्रतिनिधि

**रायगढ़।** जिले की जीवन दायिनीकेलो नदी के प्रदूषण मुक्त होने के लिए जन जन चिंतित और प्रयासरत हैं।

विनय शुक्ला ने बताया कि जिले के लिए केलो नदी जीवन दायिनी है। इसका प्रवाह लेलूंगा ब्लॉक से प्रारंभ होकर घरघोड़ा ब्लॉक, तमनार ब्लाक, खरसिया ब्लाक, रायगढ़ ब्लाक से पुसौर ब्लॉक होते हुए महानदी और मांड नदी के साथ हीराकुंड डेम में समा जाती है। इसी के साथ इसके उद्गम स्थल के जल को अर्पण करना मानो अमृत सा है पर इसके तमनार पहुंचते ही इसमें कोयला खदान का अपशिष्ट तदोपरांत घरघोड़ा और रायगढ़ ब्लॉक के उद्योगों अपशिष्ट खुले मिला दिया जाता रहा है, चूंकि उद्गम स्थल शुरू होने वाला हिस्सा कार्यपालन यंत्री सिंचाई, धर्मजयगढ़ के अंतर्गत फिर डैम का हिस्सा कार्यपालन यंत्री केलो परियोजना, रायगढ़ फिर उसके बाद का हिस्सा कार्यपालन यंत्री, सिंचाई, रायगढ़ के कार्यक्षेत्र में आता है जिसके कारण इस पर सिंचाई विभागों और पर्यावरण विभाग की कार्यवाही शून्य है। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ संस्था का जत्था विगत दिनों जिले के नव पदस्थ युवा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से भेंट कर केलो है तो कल है के विषय पर ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें निवेदित किया कि केलो नदी को बचाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन हो।

■ केलो नदी की मॉनिटरिंग के लिए समिति बनाने की मांग

## पड़िगांव में भारी वाहनों से टूटा फ्लेक्सी

**पुसौर।** सुरजगढ़ महानदी की लंबी सेतु बनने के बाद उडीसा-रायपुर-रायगढ़ सहित कई क्षेत्रों में जाने आने की सुविधा हासिल हुई। जिसका फायदा आम लोगों के साथ साथ बड़े बड़े कल कारखाने वालों को भी हो रही है जिसके कारण इनके भारी वाहन आए दिन आते जाते रहते है। जानकारी के मुताबिक बीते दिनांक को एक राष्ट्रीय स्तर का परमिट प्राप्त भारी भरकम वाहन भारी वजनी माल लोड किए हुए सरिया साईड से आ रहा था कि पडिगांव के पास लिखा हुआ छत्तीसगढ का सबसे लंबी सेतु के परमानेंट फ्लेक्सी को तोडते हुए उसे आगे बढना पड़ा। इस बीच जिले के यातायात एवं परिवहन विभाग के प्रमुख अधिकारी भी मौके पर उपस्थित हुए जिन्होंने सारे स्थिति कां जायजा लिया और उक्त वाहन को आगे बढवाया। इसी कड़ी में उक्त वाहन को पुसौर के जनपद कार्यालय के सामने पुसौर जनपद आपका हार्दिक अभिनंदन करता है का फ्लेक्सी भी आड़े आया जिसे इन्हें उपर उठाकर आगे बढना पड़ा।



## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**घरघोड़ा।** प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना कापू के अपराध क्रमांक 117/2021 के अनुसार आरोपी अशोक बैगा पिता रतिराम बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बताती थाना कापू जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ ने घटना 25 अगस्त 2021 को मृतिका समारी बाई को यह कहते हुए कि तू मेरे पैसे का उल्टा पुल्टा खर्च करती है और मैं काम कर कर के मरे जा रहा हूं कहते हुए काफी गुस्से में सिल्वर की डेचकी से उसके सिर में मार कर उसकी हत्या कर दिया।

प्रार्थी मृतिका के पिता मोहित राम ने उक्त आशय की सूचना थाना कापू में 26 अगस्त 2021 को दिया था। प्रार्थी की सूचना पर थाना प्रभारी कापू ने अपराध कायम कर प्रकरण में विवेचना करते हुए समस्त साक्ष्य का सुक्ष्मता पूर्वक संकलन कर तथा स्वतंत्र साक्षियों का बयान लेखबद्ध किया तत्पश्चात अभियुक्त अशोक बैगा सेपूछ ताछ कर उसका मेमोरेंडम लेख बद्ध किया। अभियुक्त ने जुर्म करना स्वीकार किया जिसके आधार पर थाना प्रभारी कापू ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया तथा प्रकरण में विवेचना पूर्ण होने पर थाना प्रभारी कापू धनीराम राठौर के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण पर विचारण उपरांत अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने अभियुक्त को धारा 302 भारतीयदंड संहिता के अन्तर्गत सिद्ध दोष ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1000 रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित करने का आदेश दिया।



## शिवम मोटर्स ने पटाया 15 साल का टैक्स

**रायगढ़।** शिवम मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड टाटा मोटर्स शोरूम छातामुडा बायपास रोड को उक्त अधिनियम की धारा 175 की उपधारा 1 के अनुसार वारंट क्रियान्वयन किए जाने के भय से 15 वर्षों का बकाया वसूली 1753031 रुपए के बकाया होने और कई बार नोटिस तामिल किए जाने के उपरांत भी बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर कुर्की वारंट जारी करने के आदेश होते ही शिवम मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड टाटा मोटर्स शोरूम ने 2010 से अब तक का नगर निगम के संपति कर का भुगतान नहीं किए जाने पर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशानुसार उक्त फर्म को 07 मई 2025 तक भुगतान नहीं किए जाने पर सम्पत्ति कुर्की आदेशित किया गया। उक्त फर्म ने समयावधि के अंतिम दिवस कुर्की वारंट के डर से तत्काल निगम कार्यालय आकर 1753031 लाख बकाया राशि का भुगतान किया गया। निगम कमिश्नर क्षत्रिय ने राजस्व टीम को बड़े दुकान फर्म आदि का जंग किराया नहीं जमा करने वाले बड़े बकायादारों पर पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए संस्थानों को सील एवं कुर्की वारंट जारी करने के निर्देश दिए।





# कोतमरा में सूख गए हैंडपंप गांव में गहराया जलसंकट

### पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ जिला स्थित ग्राम पंचायत कटेली, कोतमरा में इन दिनों ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है तेजी से गिरते भूजल स्तर और सूख चुके हैंडपंपों ने गांव के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैंहालात इतने बिगड़ गए हैं कि ग्रामीणों को दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है बार बार शिकायतों के बाद भी पंचायत की अनदेखी से लोगों में आक्रोश है।

कटेली के ग्रामीण ने बताया कि गांव में अधिकांश हैंडपंप पानी देना बंद कर चुके हैं। भूजल स्तर इतना नीचे चला गया है कि नालों से एक बूंद पानी नहीं निकल रहा।मुडा तालाब के पास पिछले 10 वर्ष से अधिक हो गया करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण हुआ है और गांव के प्रत्येक वार्ड में पानी टंकी से पानी जाने के लिए नलकूप बनाया गया है पाइपलाइन बिछाया गया है। लेकिन अब तक नलों में हवा निकल रही है। और यह पानी टंकी प्रदर्शन मात्रा के लिए बनकर रह गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी कोई पहल नहीं किया। जिससे ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि सरपंच की उदासीनता साफ नजर आ रही है। इससे ग्रामीणों को दैनिक जरूरतो के लिए असुविधा हो रही है।जिससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोतमरा के ग्रामीण ने बताया कि गांव के अधिकांश हैंडपंप अब पानी देना बंद कर चुके हैं।

#### भूजल स्तर में लगातार गिरावट जारी

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते गांव का भूजल स्तर चिंताजनक रूप से गिर गया है पहले जहां हैंडपंप से आसानी से पानी निकलता थाए अब वहीं नलों से सिर्फ हवा निकल रही है।ग्रामीण बताते हैं कि हर साल गर्मी में पानी की दिक्कत होती है, लेकिन इस बार हालात और भी गंभीर हो गई हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है और सुनने वाला कोई है।

#### पंचायत पर अनदेखी का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच को जानकारी होने के बाद भी मौन सहमति दे रहे हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।न तो सूखे नलों एवं नलकूप की मरम्मत हुई और न ही वैकल्पिक पेयजल की व्यवस्था की गई।पूर्व उपसरपंच ने नया तालाब में मोटर पंप की स्थापना स्वयं के खर्चे से की गई है। कुछ दिनों तक राहत मिली फिर मोटर पंप खराब हो गई। बोर मोटर पंप खराब हुए महीने बीत गए लेकिन मरम्मत नहीं हुई। इससे गांव की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है।

# सरकारी स्कूल नूनदरहा में समर कैंप का आयोजन

**तमनार।** विकास खण्ड तमनार के प्राथमिक माध्यमिक शाला नूनदरहा संकुल औराईमुड़ा के शाला परिसर में 01 मई से प्रातः 7 बजे शाला प्रबंधन समिति, पालकों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में परम्परागत रूप से मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से समर कैम्प का आयोजन किया गया। 01 मई से 06 मई तक विभिन्न प्रकार के गतिविधियों जैसे व्यायाम योगाभ्यास, नैतिक शिक्षा एवं स्वच्छता, 2 से 20 तक पहाड़ा का अभ्यास, बाल गीत एवं कविता का हाव भाव एवं गतिविधि के साथ स्वतंत्र वातावरण में अभ्यास, कक्षानुरुप आमाराइट परियोजना पर कार्य, पठन कौशल, प्लास्टिक के उपयोग और दुरुपयोग, अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, एफ एल एन की दक्षता, वृक्षारोपण, पेपर क्राफ्ट, गणितीय आकृति, मिशन लाइफ जल संरक्षण, कहानी वाचन जैसे बहुत सारी गतिविधियों पर कार्य कराया गया। ग्रीष्म कालीन अवकाश में छात्रों को शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों से जोड़े रखने हेतु शासन के मंशा अनुरूप विकास खण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक के कुशल नेतृत्व में सभी शिक्षकों के सहयोग से समर कैम्प का आयोजन जा रहा है। कार्यक्रम में बहुत से बच्चे पालक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को देखकर पालक और बच्चे उत्साहित दिखे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन